Defence Estate Officer is presently unutilised; 0.893 acres therein is under encroachment.

देश में बेरोजगार डाक्टर

757. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 15 फरवरी, 1989 को देश में बेरोजगार डाक्टरों की संख्या कितनी है ; और

(ख) उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ;

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) और (ख) 30 जून, 1988 की स्थिति के अनुसार रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टरों में चिकित्सा स्नातकों की संख्या 27,599 थी जिसमें स्नातकोत्तर भी शामिल हैं। 31 दिसम्बर, 1987 की स्थिति के अनुसार यह संख्या 29,639 थी। ताजे आंकड़े उपलब्ध नहीं है। यह बताया जाता है कि यह जरूरी नहीं है कि रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टरों में दर्ज रोजगार ढूंढने वाले सभी व्यक्ति बेरोजगार हों।

तथापि, केन्द्र सरकार और राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्रों के सामान्य विस्तार कार्यकलापों की छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टरों को खपाने की कोई विशिष्ट योजना नहीं है।

उत्तर प्रदेश में गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्ति

758. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या योजना मंत्री 6 दिसम्बर, 1988 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3105 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि इस समय उत्तर प्रदेश में गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले व्यक्तियों की संख्या कितनी है और अन्य राज्यों की तुलना में उनका प्रतिशत कितना है ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी) : गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे व्यक्तियों के अनुमान ग्रामीण, खपत व्यय संबंधी राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण (एन०एस०एस०) आंकड़े के आधार पर तैयार किए गए हैं। उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों में गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे व्यक्तियों का राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण के 38वें चक्र पर आधारित नवीनतम आंकड़े वर्ष 1983-84 तक उपलब्ध हैं। इन अनुमानों के अनुसार उत्तर प्रदेश में वर्ष 1983-84 के दौरान 530.6 लाख व्यक्ति गरीबी की रेखा से नीचे थे। वर्ष 1983-84 के दौरान गरीबी की रेखा के नीचे रह रहे व्यक्तियों की संख्या और प्रतिशतता को राज्यवार जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है। [देखिए परिशिष्ट 149, अनुबंध संख्या-44]

Central Assistance to Kamla Nagar Hospital, Allahabad

759. SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the Central Government provides any grant/financial assistance for treatment of cancer patients in Kamla Nehru Hospital, Allahabad;

(b) if so, what is the total amount of assistance provided to the Hospital during the last three years; and

(c) what are the future plans in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (KUMARI SAROJ KHAPARDE): (a) and (b) Central assistance amounting to Rs. 31.35 lakhs has been released to the Kamla Nehru Hospital,